तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 15.5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 1 नवम्बर 2025

11 विधायक लक्ष्मण सिंह यादव बोले सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया



12 देवउठनी एकादशी पर बड़ी संख्या में होंगे विवाह, शहर के मैरिज होम बुक, सजकर हुए तैयार



शिक्षा के क्षेत्र में उदीयमान...
SD GROUP OF INSTITUTIONS
• ACADEMIC
• SPORTS
• CULTURAL
• INNOVATION
• COMPETITIVE EXAMS. (NEET, IIT, NDA+SSB, CUET, CLAT, CA)
एस. डी. सर्वोच्च स्तर की ओर...

सर्वांगीण विकास का केन्द्र है आपका एस. डी. ग्रुप

SDians believe in results not in words

NEET-2025
CLASSROOM STUDENT
619/720
AIR 30 CAT.(EWS)
AIIMS
PRAKI
D/o Sh. Ajay (Kanina)

NEET-2024
CLASSROOM STUDENT
Ronak Yadav
D/o Sh. Rajpal Singh Yadav (Kakrala)
710/720
AIIMS
AIR 4 CAT.(EWS)
715/720
Prachi
D/o Sh. Mukesh Kumar (Kanina)

हरियाणा में एक स्कूल ऐसा भी........

NDA-2025
AIR 29 (Girls) (NAVY)
KASHISH YADAV D/O SMT. RAJ BALA & SH. SANJAY KUMAR
Village : RAMBASS

NDA-2025
AIR 94 (AIR FORCE)
JATIN SHARMA S/O SMT. GAYATRI DEVI & SH. KRISHAN KUMAR
Village : BHARAPH

NDA-2025
AIR 638 (ARMY)
CHHAVIKANT S/O SMT. SARITA & SH. MANOJ KUMAR
Village : KARIRA
TES Recommended (Merit Awaited)

CA Foundation Qualified 10
IIT Advanced 9

आपके सहयोग व विद्यालय के प्रयासों का सम्मान।

Facilities That Shape The Grand Success

SD Innovation Centre का धमाल (ISRO)
ISHA, MANCY, ADITI ARYA, DEVANSHI YADAV, GARIMA YADAV, JASVEER, MAHI RAO, DIPANSHU, LAKSHAY YADAV

SGFI QUALIFIERS AT STATE LEVEL
2025 254
2024 252
2023 202
2022 261
2021 209

NCC UNIT (BOYS & GIRLS)
NSS UNIT (BOYS & GIRLS)

एस. डी के नन्हें वैज्ञानिकों की बड़ी उपलब्धियाँ
SELECTED FOR NATIONAL LEVEL YOUTH FESTIVAL SCIENCE MELA - 2024
1st POSITION in STATE

SDians हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के साथ।

4th Time CBSE BOXING Champion
CHAMPION

Awarded By SH. NITIN GADKARI Minister of Transport Govt. of India
Awarded By SH. JYOTIRDITYA SCINDIA Minister of Communications of India
Awarded By SH. NAYAB SINGH SAINI Chief Minister Govt. of Haryana
Awarded By SMT. ANUPRIYA PATEL Minister of State for Health and Family Welfare of India
SH. S. P. SINGH BAGHEL Minister of State of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying of India
JAGDEV YADAV CHAIRMAN SD GROUP OF INSTITUTIONS Awarded with HONORARY DOCTORATE AWARD (D.Litt.) by The University of Central America

Do not just give dreams. Let your child have the opportunity of realizing the same.

• S.D. Kakrala • S.D. Kheri-Talwana
• S.D. Institute of Education, Kakrala
• S.D. Career Institute Mahendergarh (Hr.)
8607757970, 7056791004
ww.sdskakrala.edu.in

Follow us on Instagram-sdschool2007 Facebook- SD Sr Sec School Kakrala YouTube - SD Sr Sec School Kakrala

AC & Non AC Hostel Facility is Available for Boys & Girls

आपको हरियाणा स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
JAGDEV YADAV CHAIRMAN


जिराफ़ की जीभ इतनी लंबी होती है कि इससे वे अपने कान साफ कर सकते हैं।


एक नवजात कंगारू केवल मूंगफली के आकार का होता है।

# बॉम्बे आर्ट कोर्स में कैसे बनाएं करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## बन रहा युवाओं की पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आर्ट्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## यह कोर्स कैसे करें

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑर्ग्रेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेंचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## क्या चाहिए जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आर्ट्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**ऐसे करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आर्ट्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

---


### कानून, न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रियाओं की देता है समझ

# एल.एल.बी. : कानूनी और सरकारी जगत में कामयाबी के सुनहरे मौके

डॉ मोहित बंसल
(करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर)



## न्यायप्रियता, निर्णय क्षमता कर रहा विकसित



बैचलर ऑफ लॉ (एल.एल.बी.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को कानून, न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रियाओं की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को संविधान, दंड संहिता, सिविल लॉ, कॉर्पोरेट लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून, न्यायिक प्रक्रिया और विधिक लेखन जैसे महत्वपूर्ण विषय पढ़ाए जाते हैं। एल.एल.बी. का उद्देश्य सिर्फ कानूनी नियमों और सिद्धांतों को पढ़ाना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में न्यायप्रियता, तार्किक सोच, निर्णय क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी को भी विकसित करना है। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार विद्यार्थी एल.एल.बी. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या पांच वर्षों के इंटिग्रेटेड कोर्स (बीऐ एलएलबी, बीबीए एलएलबी) के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। एल.एल.बी. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थी किसी विशेष क्षेत्र जैसे कॉर्पोरेट लॉ, क्रिमिनल लॉ, या मानवाधिकार कानून में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कानूनी क्षेत्रों में सफल करियर बना सकते हैं। एल.एल.बी. के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएं उपलब्ध हैं, जो छात्रों को कानून के अलग-अलग क्षेत्रों में दक्ष बनाती हैं। इनमें कॉर्पोरेट कानून, क्रिमिनल लॉ, मानवाधिकार कानून, पर्यावरण कानून, अंतर्राष्ट्रीय कानून, सिविल और संवैधानिक कानून जैसी महत्वपूर्ण शाखाएं शामिल हैं। यह विशेषज्ञताएं विद्यार्थियों को उनके रुचि और कैरियर लक्ष्यों के अनुसार कानूनी क्षेत्र में गहन ज्ञान और व्यावहारिक समझ प्रदान करती हैं।

## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

एल.एल.बी. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं। उच्च शिक्षा से न केवल कानूनी ज्ञान और विशेषज्ञता बढ़ती है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करियर के अवसर भी व्यापक हो जाते हैं। विद्यार्थियों के लिए मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम, एमबीए), और विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स जैसे विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स जैसे कॉर्पोरेट कंप्लायंस, साइबर लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून और मानवाधिकार कानून भी छात्रों को उद्योग-उपयुक्त कौशल प्रदान करते हैं।

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में एल.एल.बी. स्नातकों के लिए सम्मानजनक और स्थायी अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों, न्यायालयों, बैंकिंग और रक्षा संगठनों में कानूनी पेशेवरों की मांग हमेशा रहती है। एल.एल.बी. स्नातक यहाँ न्यायिक, प्रशासनिक और कानूनी मामलों में भूमिका निभाते हैं। सरकारी क्षेत्र में करियर चुनने वाले विद्यार्थियों को कानून और प्रशासन के संयुक्त अनुभव के साथ स्थिर वेतन, पदोन्नति के अवसर और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलती है।

### यहां मिलेगा स्कोप

1. न्यायिक व प्रशासनिक सेवाएं
   - जुडिशियल मैजिस्ट्रेट
   - लेखा परीक्षा अधिकारी
   - स्टेट/सेंट्रल गवर्नमेंट कानूनी पद
2. बैंकिंग और वित्तीय संस्थान
   - लीगल ऑफिसर
   - क्लर्कियल/ऑफिसर पद
3. रक्षा और अनुसंधान संगठन
   - जुडिशियल काउंसल
   - क्लाइंट एडवाइजर
4. शिक्षा और विश्वविद्यालय
   - कानून शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
   - असिस्टेंट प्रोफेसर
   - रीसर्च असिस्टेंट

**आय या वेतन :** सरकारी क्षेत्र में एल.एल.बी. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 8 लाख वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 20 लाख वार्षिक तक पहुंच सकती है।

### केवल वकालत तक सीमित नहीं

एल.एल.बी. छात्रों के लिए करियर की राहें केवल वकालत तक सीमित नहीं रहतीं। निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खुले हैं। सही कौशल, उच्च शिक्षा और अनुभव के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। **सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विजिट कर सकते हैं।

## आवश्यक कौशल

एल.एल.बी. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। कानूनी पेशे में सफल होने के लिए विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, तार्किक तर्क, प्रभावशाली संवाद और मजबूत अनुसंधान क्षमता जैसी विशेष क्षमताएँ होना आवश्यक है। इसके अलावा विद्यार्थियों को अदालत में प्रभावी प्रस्तुति, केस स्टडी विश्लेषण, विवाद समाधान, मध्यस्थता कौशल और टीमवर्क की समझ भी विकसित करनी होती है। इन कौशलों से छात्र न केवल पेशेवर रूप से सक्षम बनते हैं, बल्कि विभिन्न कानूनी और प्रशासनिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर और सम्मानजनक करियर स्थापित कर सकते हैं।

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

एल.एल.बी. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों और संगठनों में कानूनी विशेषज्ञता की भारी मांग है। डिजिटल व ग्लोबल युग में कॉर्पोरेट कंपनियां, स्टार्टअप्स, बैंकिंग, वित्तीय संस्थान और कंसल्टिंग फर्में योग्य कानूनी पेशेवरों की तलाश में रहती हैं। एल.एल.बी. स्नातक इन संगठनों में कॉर्पोरेट कानून, अनुबंध प्रबंधन, कानूनी अनुपालन और विवाद समाधान जैसी भूमिकाओं में कार्य कर सकते हैं। निजी क्षेत्र में करियर चुनने वाले विद्यार्थियों को विविध परियोजनाओं, कानूनी सलाह, केस मैनेजमेंट और क्लाइंट काउंसलिंग में गहन अनुभव प्राप्त होता है।

## यहां स्कोप

1. कानूनी फर्म्स और एडवोकेसी
   - लीगल एडवोकेट
   - क्लाइंट काउंसलर
   - क्लासिफिकेशन और केस मैनेजर
2. कॉर्पोरेट सेक्टर
   - कंपनी सेक्रेटरी
   - कॉर्पोरेट लीगल काउंसल
   - कॉन्ट्रैक्ट मैनेजर
   - कम्प्लायंस ऑफिसर
3. बैंकिंग और वित्तीय संस्थान
   - लीगल ऑफिसर
   - क्लाइंट डिस्प्यूट मैनेजर
   - कॉन्ट्रैक्ट और रेगुलेटरी काउंसल
4. स्टार्टअप्स और कंसल्टिंग फर्म्स
   - लीगल कंसल्टेंट
   - प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर (लीगल डिपार्टमेंट)
   - कॉर्पोरेट पॉलिसी कंसलटेंट

**आय या वेतन :** एल.एल.बी. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 6 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 25 लाख वार्षिक तक पहुंच सकती है।

## उच्च शिक्षा कार्यक्रम

- मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम)
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – लॉ/मैनेजमेंट
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कॉर्पोरेट लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून या मानवाधिकार

विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स

- आईसीएलआईसीसी/न्यायिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कानूनी सर्टिफिकेट
- डाटा प्रोटेक्शन और साइबर लॉ सर्टिफिकेशन
- कॉर्पोरेट कंप्लायंस और कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट सर्टिफिकेशन

**ये सर्टिफिकेशन विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता और कानूनी विशेषज्ञता प्रदान करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं और भविष्य चमकाते हैं।**

---

# सही और गलत की सीख, पर्यावरण की रक्षा और आत्मविश्वास की प्रेरणा



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत का सबसे बड़ा और सबसे प्यारा त्योहारों में शामिल दीपावली का पर्व गए एक सप्ताह से ऊपर हो चुका है। छात्रों के लिए यह पर्व प्रेरणा लेने का त्योहार है। यह न केवल रोशनी और खुशी का प्रतीक है, बल्कि हमें सही और गलत के बीच अंतर, पर्यावरण की रक्षा, और आत्मविश्वास के साथ अपने भाग्य को संवारने की प्रेरणा भी देता है। यह लेख विशेष रूप से छात्रों के लिए है, ताकि वे समझ सकें कि यह त्योहार हमें क्या सिखाता है और हम इसे कैसे जिम्मेदारी से मना सकते हैं,ये सबक छात्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये उन्हें जीवन में सही दिशा चुनने और एक जिम्मेदार इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं। नीचे कुछ प्रमुख नैतिक सबक दिए गए हैं, जो दिवाली की कहानियों और परंपराओं से मिलते हैं।

## सत्य और धैर्य की जीत

**सबक:** भगवान राम की कहानी हमें सिखाती है कि सत्य और धैर्य हमेशा विजयी होता है। रावण जैसे शक्तिशाली राक्षस के सामने भी राम ने धैर्य, नैतिकता का रास्ता नहीं छोड़ा।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पढ़ाई या जीवन में कठिनाइयों का सामना करते समय धैर्य रखें। मेहनत और ईमानदारी से किया गया कार्य हमेशा फल देता है। हर मुश्किल स्थिति में भी सत्य और धैर्य का साथ नहीं छोड़ेंगे।

### सामुदायिक एकता और भाईचारा

**सबक:** दिवाली हमें परिवार, दोस्तों और समाज के साथ मिलकर उत्सव मनाने की सीख देती है। यह त्योहार लोगों को एक-दूसरे के करीब लाता है और आपसी प्रेम व सहयोग को बढ़ावा देता है।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** स्कूल या कॉलेज में सहपाठियों के साथ सहयोग करें। एक-दूसरे की मदद करने से न केवल रिश्ते मजबूत होते हैं, सामूहिक लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त होते हैं।
**संकल्प:** हम अपने दोस्तों और समाज के साथ मिलकर काम करेंगे और एकता को बढ़ावा देंगे।

### विनम्रता और कृतज्ञता

**सबक:** माता लक्ष्मी की पूजा हमें सिखाती है कि धन और समृद्धि के साथ-साथ विनम्रता और कृतज्ञता भी जरूरी है। धन का उपयोग दूसरों की भलाई के लिए करना चाहिए।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** अपनी उपलब्धियों पर गर्व करें, लेकिन कभी घमंड न करें। जो कुछ आपके पास है, जैसे परिवार, शिक्षक, और अवसर, उनके प्रति आभार व्यक्त करें।
**संकल्प:** हम अपने जीवन में मिले अवसरों और संसाधनों के लिए कृतज्ञ रहेंगे और दूसरों की मदद करेंगे।

## आत्म-नियंत्रण और संयम

**सबक:** रावण की कहानी हमें बताती है कि अहंकार, लालच, और अनियंत्रित इच्छाएँ विनाश का कारण बनती हैं। दूसरी ओर, राम और लक्ष्मण ने आत्म-नियंत्रण का उदाहरण प्रस्तुत किया।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने, समय का सही उपयोग करने, और अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए आत्म-नियंत्रण जरूरी है।
**संकल्प:** हम अपनी इच्छाओं और भावनाओं पर नियंत्रण रखेंगे और संयम के साथ निर्णय लेंगे।

### क्षमा और नई शुरुआत

**सबक:** दिवाली नई शुरुआत का प्रतीक है। यह समय है पुरानी गलतियों को भूलकर, दूसरों को माफ करने और नए लक्ष्य निर्धारित करने का।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** अगर आपने कोई गलती की है, जैसे पढ़ाई में कम मेहनत करना या किसी से झगड़ा करना, तो उसे स्वीकार करें, माफी मांगें, और सुधार की दिशा में कदम बढ़ाएँ।
**संकल्प:** हम अपनी गलतियों से सीखेंगे, दूसरों को माफ करेंगे, और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करेंगे।

### प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी

**सबक:** दिवाली की रोशनी प्रकृति की सुंदरता को दर्शाती है, लेकिन आतिशबाजी और कचरे से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। यह हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी याद दिलाता है।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पर्यावरण को बचाने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाएँ, जैसे मिट्टी के दीये जलाना, पेड़ लगाना, या प्लास्टिक का उपयोग कम करना।
**संकल्प:** हम पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए जिम्मेदारी से काम करेंगे।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** Ra † † (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** K * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)





रेवाड़ी। युवाओं व बच्चों को रन फॉर यूनिटी के लिए रवाना करते विधायक लक्ष्मण सिंह व युवाओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते विधायक व डीसी व स्टेडियम में राष्ट्रीय एकता की शपथ लेते युवा व जिलावासी। फोटो :हरिभूमि

## विधायक लक्ष्मण सिंह यादव बोले, सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया

# राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए रन फॉर यूनिटी में जोश व उत्साह के साथ दौड़े जिलावासी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी/बावल

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को जिलावासियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत होकर राष्ट्र की एकता के लिए दौड़ लगाई। जिला मुख्यालय पर राव तुलाराम स्टेडियम से रन फॉर यूनिटी का उत्साह और जोश के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्रहित में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली मौजूद रही, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी अभिषेक मीणा ने की। विधायक ने सर्वप्रथम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाते हुए युवाओं को हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी को रवाना किया। रन फॉर यूनिटी राव तुलाराम स्टेडियम से शुरू होकर पोसवाल चौक होते हुए वापस स्टेडियम में संपन्न हुई।

### 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोया

इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता को साकार रूप दिया। उन्होंने बिखरी हुई 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया। यही कारण है कि पूरे देश में उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विधायक ने कहा कि जब भारत स्वतंत्र हुआ तो इन रियासतों को एकजुट करना सबसे बड़ी चुनौती थी, लेकिन सरदार पटेल ने अपनी अद्भुत नेतृत्व क्षमता, दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल कूटनीति से इन सबको भारतीय संघ का हिस्सा बनाया। विधायक ने कहा कि वर्ष 2018 में गुजरात में लौह पुरुष सरदार पटेल के सम्मान में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण किया गया, जो देश की एकता, अखंडता और उनके अमर योगदान का प्रतीक है। सरदार वल्लभ भाई पटेल का जीवन हमें यह सिखाता है कि एक सशक्त राष्ट्र तभी बन सकता है, जब हर नागरिक, हर गांव, हर प्रदेश आपस में एकता और भाईचारे की भावना से जुड़े हो, इसलिए सभी मिलकर संकल्प ले कि सरदार पटेल के विचारों पर चलकर भारत को और मजबूत बनाएंगे।

### रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाई

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर बावल में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर विधायक ने कहा कि देश को एकजुट करने का श्रेय सरदार वल्लभभाई पटेल को जाता है, जिन्होंने अलग-अलग विरासतों को एकता के सूत्र में बांधते हुए अखंड भारत बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। इस अवसर पर समाजसेवी यतेंद्र रावत, रमेश लोर झाबुआ, निहाल सिंह चौकन, कपिल नेहरा और भीम सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इसके बाद बावल विधायक डा. कृष्ण ने खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में लोगों की शिकायतों की सुनवाई भी की। विधायक ने कहा कि लोगों की सभी शिकायतों का हल कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतकर्ता की शिकायतों को विनम्रता से सुनते हुए उसका समाधान कराने के निर्देश दिए।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर एसपी हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेश कुमार, सीटीएम जितेंद्र कुमार, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, जिला खेल अधिकारी ममता कुमारी, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विनीता पीपल, भाजपा जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल, उपाध्यक्ष प्रवीन शर्मा, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन दीपक मंगला, नवीन, नीतू चौधरी व कोच चरण सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करा रही सरकार : लक्ष्मण सिंह



रेवाड़ी। विधायक लक्ष्मण सिंह व कोच के साथ खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने राव तुलाराम स्टेडियम में शुक्रवार को तलवारबाजी के खिलाड़ियों के लिए करीब 8 लाख रुपये का खेल का सामान वितरित किया। वहीं विधायक ने स्टेडियम में करीब 9.68 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे सिंथैटिक ट्रैक का भी निरीक्षण किया। प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों का हौंसला भी बढ़ाया। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए बेहतरीन खेल नीतियों के साथ खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। प्रदेश के गांवों में खेल नर्सरियां और व्यायामशालाएं खोलने का उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी कुरीतियों से दूर रखकर खेलों की ओर प्रोत्साहित करना है। विधायक ने कहा कि जिले के खिलाड़ियों को और बेहतर सुविधाएं और उपकरण उपलब्ध कराएं जा रहे हैं ताकि यहां का खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते हुए खेलों में जिले का नाम चमका सके। इस अवसर पर एसडीएम सुरेश कुमार, सीटीएम जितेन्द्र कुमार, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन दीपक मंगला, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार व जिला खेल अधिकारी ममता सहित अन्य खेलों के कोच मौजूद थे।

## पटेल ने देश की आजादी के बाद नए भारत का निर्माण किया



रेवाड़ी। पुलिस कर्मियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाते डीएसपी। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की ओर से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की आजादी के बाद नए भारत का निर्माण किया, जिसके लिए राष्ट्र उनका हमेशा ऋणी रहेगा।

### अधिकारियों ने शपथ ली

सरदार पटेल ने भारतीय संघ के साथ 562 देशी रियासतों को एकीकृत करके भारत को एकजुट और स्वतंत्र राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसपी ने कहा सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए, यही हमारी ओर से सरदार वल्लभभाई पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिला पुलिस की ओर से पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित सभी थानों, चौकियों एवं पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने के लिए कार्य करते रहने की शपथ ली। इसके अलावा सभी थाना क्षेत्र में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस जवानों के साथ युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## कर्मचारी व आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक दौड़ लगाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली

पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भारत के लौह पुरुष स्व. सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कोसली में रन फार यूनिटी का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय एकता की भावना को मन में संजोए सैंकड़ों विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स, नेहरू युवा केंद्र के वॉलेंटियर, खिलाड़ी, पुलिस व होमगार्ड के जवान, समाजसेवी संगठनों के स्वयंसेवक, पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी व आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक दौड़ में अपनी भागीदारी दिखाई। वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर रन फार यूनिटी को राजीव गांधी खेल स्टेडियम के लिए रवाना किया। एसडीएम विजय कुमार यादव, डीएसपी विद्यानंद, नायब तहसीलदार नेहा यादव, बीडीपीओ अनिल यादव, बीईओ डा. राजेंद्र सिंह, जिला पार्षद शारदा, जिला पार्षद जीवन हितैषी, सरपंच श्याम सिंह ने भी रन फार यूनिटी में विद्यार्थियों के साथ दौड़ लगाई। राजीव गांधी खेल स्टेडियम में रेस का समापन हुआ, जिसमें एसडीएम विजय कुमार यादव ने सभी प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया। इस अवसर पर वीर कुमार यादव ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल देश की एकता एवं अखंडता के अटल सूत्रधार थे।




रेवाड़ी। रन फॉर यूनिटी में दौड़ लगाते हुए युवा व महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने देश की एकता को अक्षुण्ण रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में भाजपा नेता हुकमचंद यादव, सरपंच रामकिशन जांगड़ा, प्राचार्य लाज कौशल, प्राचार्य दयानंद भारद्वाज, दलसिंह आर्य व बीर सिंह मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। अनाजमंडी श्री श्याम मंदिर में सजी बाबा की भव्य प्रतिमा।

### देवउठनी एकादशी पर भव्य संकीर्तन आज

**रेवाड़ी।** नई अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर में श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से देव उठनी एकादशी के अवसर पर एक नवंबर को श्री श्याम जन्मोत्सव, अनाजमंडी श्याम मंदिर का स्थापना दिवस व 122वें संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन का का शुभारंभ शाम 6 बजे किया जाएगा। इस मौके पर श्याम रसोई से भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया जाएगा।

### मारपीट मामलों में काबू किए 6 आरोपी

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट मामलों में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने गत वर्ष 28 दिसंबर को दर्ज किए मामले में जीतपुरा निवासी दिनेश को गिरफ्तार किया है। सिटी पुलिस ने 28 अक्टूबर को दर्ज किए गए केस में एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है, जबकि पुनीत और कार्तिक को गिरफ्तार किया है। सिटी पुलिस ने 15 अक्टूबर को दर्ज किए गए केस में एक गांव निवासी दो नाबालिगों को अभिरक्षा में लिया है। आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## बदलते मौसम में पहनावे और खान पान की ओर विशेष ध्यान दें गर्भवती महिलाएं: डा. प्रीति

- गर्भवती महिलाओं को जंक फूड से बचना चाहिए और प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली



कोसली नागरिक अस्पताल में महिलाओं की जांच करती महिला रोग विशेषज्ञ डा. प्रीति।

कोसली नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। महिला रोग विशेषज्ञ डा. प्रीति यादव ने महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच तथा उन्हें स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। डा. प्रीति ने कहा कि महिलाओं को बदलते मौसम के अनुसार वस्त्र पहनने और खान पान की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को जंक फूड से बचना चाहिए और प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करना चाहिए। प्रोटीन बच्चे के विकास में महत्वपूर्ण होता है। शिविर में महिलाओं को आयरन, बीपी और फोलिक एसिड की दवाईयां भी वितरित की गई। उन्होंने महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण की सलाह दी। एसएमओ डा. विक्रम सिंह ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान पहली जांच दूसरे ओर तीसरे महीने में की जाती है। इससे पूर्व गर्भवती महिलाओं की जांच महीने की 10 व 23 तारीख को की जाती थी, लेकिन अब सामान्य अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ के आने से महीने के आखरी दिन भी गर्भवती महिलाओं की जांच होने लगी है।



### युवक के साथ मारपीट करने के मामले एक और आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** गोकल गेट चौकी पुलिस ने मौहल्ला सराय बलभद्र निवासी एक युवक के साथ मारपीट करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव गुरावड़ा निवासी कुलदीप के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक नाबालिग सहित पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सराय बलभद्र निवासी मन्नू उर्फ यश ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 15 अक्टूबर को दोपहर के समय वह मोहल्ला नई बस्ती में अपने बच्चों को स्कूल से लाने के लिए गया था। जब वह स्कूल से बहार निकला तो 3-4 बाइक पर कुछ युवक आए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**रेवाड़ी।** सैनी पब्लिक स्कूल में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने नृत्य, भाषण, कविता व गीत सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थी पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए तथा हरियाणा की लोक कला व संस्कृति का गुणगान किया। सैनी सभा के प्रधान मनोज सैनी, सैनी महासभा हरियाणा के उपाध्यक्ष चेतराम सैनी, सलाहकार समिति के चेयरमैन शशिभूषण सैनी, महासचिव एडवोकेट धर्मेन्द्र सैनी व सैनी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन कैलाश सैनी सहित कार्यकारिणी व कॉलेजियम सदस्यों ने विद्यार्थियों को हरियाणा दिवस की बधाई दी। प्राचार्या अनीता यादव ने बच्चों को हरियाणा के स्थापना दिवस के बारे में अवगत कराया।

## राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई

- भाषण के माध्यम से राष्ट्र को अखंड करने में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता का संदेश देते शिक्षक व छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्या डा. ज्योति यादव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्या ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में एकता, अखंडता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को जागृत करना है। इस मौके पर राष्ट्रीय एकता पर स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर अपने विचारों को शब्दों और रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसके पश्चात कविता पाठ तथा भाषण का आयोजन किया गया तथा सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. रजनी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वैशाली, विधि ने कविता तथा आरती व साक्षी ने भाषण के माध्यम से राष्ट्र को अखंड करने में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान पर प्रकाश डाला। एनएसएस व एनसीसी की छात्राओं ने डा.रजनी व डा. ज्योति के मार्गदर्शन में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर नवनियुक्त प्राचार्य सत्येंद्र यादव, एनएसएस एडवाइजरी कमेटी की सदस्य डा. सुनीता, डा. स्वाति, डा. पूनम व डा. रेनू सहित सभी स्टाफ सदस्य तथा छात्राएं उपस्थित थी।

### रीजनल सेंटर की छात्राओं और शिक्षकों ने दौड़ लगाई

**कोसली।** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई की कार्यक्रम अधिकारी अंजलि पांचाल के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रा दिव्या व सीमा ने पोस्टर के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। रीजनल सेंटर की छात्राओं और शिक्षकों ने एकता और अखंडता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डा. अनिल कुमार, डा. प्रवेश भारद्वाज, डा. पूजा, डा. सोनिया यादव, नीलम यादव, डा. प्रदीप कुमार, डा. योगेन्द्र सिंह, डा. अनिता देवी, डा. रीनू यादव, सुनिता यादव, बिंदु यादव, अंजू शर्मा, सुशीला व निर्मला सहित अनेक छात्राएं उपस्थित रही।



रेवाड़ी। विजेता खिलाड़ी शिक्षकों के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### छात्रों ने स्केटिंग चैंपियनशिप में जीते 34 पदक

**रेवाड़ी।** ज्ञानदीप स्कूल मोहनपुर के खिलाड़ियों ने स्वरांजलि स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से आयोजित प्रथम एसपीएस इंटर स्कूल स्केटिंग चैंपियनशिप में अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता प्राप्त की है। छात्रों ने बेहतरीन खेल भावना, अनुशासन और कौशल का परिचय देते हुए 34 पदक अपने नाम करके ओवरऑल दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 21 स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक तथा 5 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता कुमारी ने कहा कि छात्रों ने अपने दृढ़ निश्चय, कठोर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है, जिसमें स्केटिंग कोच मुकेश चौहान का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने खिलाड़ियों को तकनीकी प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया।

# देवउठनी एकादशी पर बड़ी संख्या में होंगे विवाह, शहर के मेरिज होम बुक, सजकर हुए तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भगवान विष्णु आषाढ़ शुक्लपक्ष एकादशी को चार महीने के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं, फिर कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी को भगवान विष्णु योग निद्रा से उठते ही शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यो की शुरूआत हो जाती हैं। इसे देवोत्थान यानि देवउठनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस बार देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को प्रातः 9:11 बजे से 2 नवंबर प्रातः 9:31 तक रहेगी। इसलिए 2 नवंबर को देवउठनी के अबूझ सावे पर बड़ी संख्या में शादी-विवाह संपन्न कराए जाएंगे। अधिकांश बैंक्वेट हाल व मेरिज होम बुक हो चुके हैं। संचालकों की ओर से समारोह स्थलों को भव्य रूप से सजाया गया है। विवाह आयोजनों के शुरू हो जाने से कैटरिंग व बैंड बाजों तथा फूल के कारोबार में भी तेजी आई गई है। इन कारोबारों से जुड़े लोग काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। रविवार को बड़ी संख्या में युवक-युवतियां वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। शहर में ज्यादातार मेरिज होम दिल्ली रोड पर स्थित है। गढ़ी बोलनी रोड, नारनौल रोड, झज्जर रोड व महेन्द्रगढ़ रोड सहित कुछ मेरिज होम शहर के बीच में स्थित है। शादी के समय शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों के जाम की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से भी तैयारी कर ली गई है।

**इस बार देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को प्रातः 9:11 बजे से 2 नवंबर प्रातः 9:31 तक रहेगी**



शहर के दिल्ली रोड पर सजाया गया मेरिज होम



ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री

### मार्च माह तक विवाह के शुभ मुहूर्त

ज्योतिषाचार्य शास्त्री ने बताया कि नवंबर माह में देवउठनी एकादशी पर 2 नवंबर के अलावा 22, 23, 24, 25 व 30 नवंबर को विवाह के मुहूर्त रहेंगे। दिसंबर माह में 4,10,11 व 12 तारीख को विवाह मुहूर्त रहेंगे। इसके बाद 16 दिसंबर से 1 माह के लिए खरमास शुरू हो जाएगा। इसमें शुभकार्य वर्जित रहेंगे, फिर मकर संक्रांति से सूर्य उत्तरायण होते ही शुभ कार्य शुरू होंगे, लेकिन तारा अस्त होने के कारण विवाह मुहूर्त फरवरी 2026 से शुरू होंगे। फरवरी माह में 4, 5,10,13,15,19, 20 व 21 तथा मार्च माह में 9,11 व 12 मार्च को विवाह मुहूर्त रहेंगे। इसके बाद 20 अप्रैल से विवाह शुरू होंगे।

### टेंट-डेकोरेटर्स का शुरू हो गया काम

शादी में सफेद घोड़ी पर बैठना शुभ माना जाता है। इन घोडियों के दामों में भी गत वर्ष से काफी वृद्धि हो गई है। सिंगल घोड़ी के साथ-साथ अब बग्घी की डिमांड़ भी बढ़ गई है। जहां पहले 2 हजार से 5 हजार रुपये किराए पर घोड़ी मिल जाती थी, अब इनका किराया दो हजार रुपये तक महंगा हो गया है। शहर में घोडियों कम होने के कारण बाहर से भी घोडियों की व्यवस्था की जा रही है। टेंट-डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन का कहना है कि शहर के होटल, बैंक्वेट हॉल व धर्मशाला पहले से ही बुक हो चुके हैं। शादियों में टेंट, बैंड, डेकोरेशन, कैटरिंग व फ्लॉवर डेकोरेशन का काम करने वाले लोगों का काम शुरू हो गया है। इस वर्ष उनको अच्छा कारोबार होने की पूरी उम्मीद है।

### कार्तिक शुक्लपक्ष एकादशी से शुरू होंगे विवाह मुहूर्त

देवउठनी एकादशी को लोकाचार में अबूझ सावा कहा गया है, इसमें बिना मुहूर्त देखे विवाह कर सकते है, लेकिन शास्त्रों के अनुसार केवल साढ़े तीन मुहूर्त ही मान्य है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, अक्षय तृतीया, विजया दशमी और कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा, लेकिन लोकाचार में चार मुहूर्त मान्य है। आषाढ़ शुक्ल भड़लिया नवमी, देवउठनी एकादशी, माघ शुक्ल वसंत पंचमी व फाल्गुन शुक्ल फुलेरादोज लोकाचार में मुहूर्त मान्य है। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री के ने बताया कि देवउठनी एकादशी अथवा द्वादशी तिथि को भगवान शालिग्राम यानि विष्णु और तुलसी का विवाह कराया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की विधिवत षोडशोपचार पूजन करने की परंपरा है। उन्होंने बताया कि तुलसी का गमला चौकी में रखकर तथा विष्णु स्वरूप शालिग्राम की पंचोपचार षोडशोपचार विधिवत पूजन करें और श्रृंगार का समान तुलसी को अर्पण करें। तुलसी भगवान विष्णु को अत्यधिक प्रिय है। 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली के नाम से जाना जाता है। कार्तिक अमावस्या को मानवों की दीपावली और कार्तिक पूर्णिमा को देवताओं की दीपावली मनाते हैं। पूर्णिमा को भगवान सत्यनारायण की कथा पढ़नी व सुननी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने 5 अक्टूबर को हुए हादसे के बाद वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में पुलिस ने राजीव नगर निवासी दीपक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाली कार को भी कब्जे में ले लिया है। आरोपी को बाद में पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** कसोला पुलिस ने बखापुर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पक्ष के बयान पर पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ 24 अक्टूबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। मामले की जांच के बाद पुलिस ने बखापुर निवासी ललित और सुधीर को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उन्हें पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा सट्टा खाईवाल

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने विकास नगर में सट्टा खाईवाली करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आदर्श नगर में रह रहा यूपी के सड़ौला निवासी सतीश सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर जाकर दबोच लिया। उसके कब्जे से सट्टे की 2150 रुपये राशि और पर्चियां बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### दहेज उत्पीड़न मामले में दो आरोपी काबू

**कोसली।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गत वर्ष पुलिस शिकायत में पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर दहेज उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 6 अक्टूबर को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने भिवानी निवासी धूपसिंह व उसके बेटे विजय को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया।

*गंभीर रूप धारण कर रही प्रदूषण की समस्या, तमाशबीन साबित हो रहा प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड*

# सड़कों पर उड़ रहे धूल के गुब्बार, सरेआम कूड़े में लगाई जा रही आग, अफसर नजर आ रहे बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

टूटी सड़कों से उड़ते धूल के गुब्बार। कूड़े के ढेरों से निकलता जहरीला धुआं। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों की उदासीनता। इन सब का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। प्रदूषण की समस्या लगातार गहरा रही है, परंतु इस पर कंट्रोल कागजी साबित हो रहा है।

बावल व धारूहेड़ा दोनों प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र हैं। बावल आईएमटी में कचरा निस्तारण की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण रात के समय उद्योगों का कचरा खाली प्लॉटों में डाल दिया जाता है। मौका मिलते ही कचरे के ढेरों में आग लगा दी जाती है। कचरे में केमिकल से जुड़ा सामान भी होता है, जिसकी जहरीली धुआं पर्यावरण को प्रदूषित करती है। आए दिन बावल एचएसआईआईडीसी एरिया में कूड़े के ढेरों से धुआं निकलता साफ देखा जाता है। दिवाली पर्व के बाद से धारूहेड़ा का एक्यूआई 300 के पार ही चल रहा है। जहरीली हवा में लोगों का सांस लेना तक दुश्वरा हो रहा है। लोगों को आंखों में जलन की शिकायत हो रही है। आंखों के मरीजों की संख्या में भी बढ़ रही है। एक दिन पूर्व एक्यूआई 400 के आसपास चला गया। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की ओर से एक्यूआई कम करने के मानवीय प्रयास सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आ रहे हैं। कचरे के ढेरों में आग लगाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं कर जा रही।

बोर्ड की कार्रवाई नोटिस तक सिमटकर रह जाती है। नगर परिषद से लेकर नगर पालिकाओं की कार्रवाई भी नोटिस या नाममात्र के जुर्माना तक सीमित है।

### दिवाली पर्व के बाद से धारूहेड़ा का एक्यूआई 300 के पार ही चल रहा

जहरीली हवा में लोगों का सांस लेना तक दुश्वरा हो रहा है लोगों को आंखों में जलन की शिकायत हो रही है।



बावल एचएसआईआईडी एरिया में कूड़े के ढेर से उड़ते धुआं के गुब्बार

### एक्यूआई बढ़ते ही यंत्र भी बंद

एक्यूआई मापने वाला यंत्र धारूहेड़ा नगर पालिका में लगा हुआ है। एक कंपनी का ठेका निरस्त होने के बाद कई माह तक यह यंत्र बंद रहा था। अब इसे दोबारा तो चालू कर दिया गया है, परंतु एक्यूआई बढ़ते ही यह यंत्र भी बंद हो जाता है। इसके पीछे पावर कट का तर्क दिया जाता है। एक बार यंत्र के बंद होने के बाद चालू होने में 24 घंटे से भी ज्यादा का समय लग जाता है। शुक्रवार को प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की साइट से धारूहेड़ा का एक्यूआई गायब रहा, जबकि भिवाड़ी का एक्यूआई 187 दर्ज किया गया। ऐसा माना जा रहा है कि अधिक एक्यूआई होने की सूरत में आंकड़ों को भी छुपाने के प्रयास किए जाते हैं।



रेवाड़ी। बनीपुर चौक पर एनएचएआई के टूटे सर्विस रोड से उड़ती धूल।

### जर्जर सड़कों ने हालत की बदतर

*प्रदूषण बढ़ाने में टूटी सड़कों की भी बड़ी भूमिका है। बावल के बनीपुर चौक पर एनएचएआई का सर्विस रोड बुरी तरह टूटा हुआ है। इससे धूल के गुब्बार उड़कर वायुमंडल की निचली परत पर मंडराते हैं। सर्विस रोड के साथ ही एचएसआईआईडीसी का रोड है, जो बनीपुर चौक से असाही पुल तक बुरी तरह टूट चुका है। इस रोड से हजारों वाहनों का आवागमन होता है, जिस कारण सड़क से दिन भर धूल के गुब्बार उड़ते रहते हैं। इन सड़कों पर पानी की छिड़काव तक नहीं कराया जा रहा, जिससे प्रदूषण की समस्या और बढ़ रही है।*

### निर्माण कार्यों पर रोक भी कागजी

ग्रेप की पाबंदियां लागू किए जाने के बाद निर्माण कार्यों पर रोक भी कागजी साबित हो रही है। जहां पहले से निर्माण कार्य चल रहे हैं, उन्हें अभी तक रोका नहीं गया है। नेशनल हाइवे से बिना ढके खनिज सामग्री ले जाई जा रही है, जिससे उड़ने वाली धूल पर्यावरण प्रदूषण बढ़ाने का कार्य कर रही है। कूड़ा जलाने वाले लोगों पर शिकंजा नहीं कसा गया है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्री अधिकारी बार-बार प्रयास करने के बावजूद फोन पर बात करने से भी बचते हैं, ताकि बोर्ड की नाकामियों पर पर्दा गिरा रहे।



# बाइक चोरी करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में बाइक चोरी के आरोपी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

सेक्टर-6 थाना धारूहेड़ा पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान यूपी के जिला एटा के गांव कनिकपुर निवासी शिवम व राहुल कुमार के रूप में हुई है। गांव मीरपुर निवासी अमित कुमार गत 18 अक्टूबर को बाइक से हीरो मोटो कॉर्प कम्पनी धारूहेड़ा में ड्यूटी पर गया था। उसने अपनी बाइक को कम्पनी की पार्किंग में खड़ी किया था, कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनो आरोपियों को अदालत में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया है।

- पुलिस ने दोनो आरोपियों को अदालत में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया

### मकान से नल की टोंटिया चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने मकान से टोंटिया चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के जिला बिदनापुर के गांव दाउदपुर हाल कंटेनर डिपो निवासी शेख मुजबिन के रूप में हुई है। मॉडल टाउन निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया था की गत 28 अक्टूबर को कोई व्यक्ति उसके मकान से नल की सात टोंटिया चोरी करके ले गया हैं। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई सभी टोंटिया बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में चोरी करने वाला आरोपी। फोटो :हरिभूमि

*पुलिस आठ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी*

# पेट्रोलियम पाइप लाइन से तेल चोरी करने के मामले में नौवां आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने इंडियन ऑयल कार्पोरेशन की मुद्रा-पानीपत पाइप लाइन के रेवाड़ी-पानीपत सेक्शन से तेल चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला भिवानी के गांव कुंडल निवासी कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में आठ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के सहायक प्रबंधक सचेत यादव ने अपनी शिकायत में बताया था कि 28 फरवरी 2024 को उनकी मुद्रा-पानीपत पाइप लाइन के रेवाड़ी-पानीपत सेक्शन पर गस्त करते समय, गार्ड राधेश्याम को गांव भाड़ावास की सीमा मे कच्चा तेल बिखरा हुआ मिला। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो गांव भाड़ावास की सीमा में पाइप लाइन को क्षति पहुंचा कर तेल चोरी किया गया था।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में तेल चोरी का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया

पुलिस ने मामले में आठ आरोपी अवधेश उर्फ दीपू, भारत, शिवराज, मुकेश, अभिषेक उर्फ पिन्टू, सूर्य प्रकाश उर्फ मोनू, बलविन्द्र व समीर पांडे को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी कृष्ण कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।

**बच्चे हादसे के बाद बुरी तरह सहम गए, उन्हें दूसरी बस से स्कूल भेजा गया**

# एचटी लाइन के पोल से टकराई स्कूल बस, बच्चे बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

धारूहेड़ा के नंदरामपुर बास रोड पर शुक्रवार सुबह उस समय बड़ा हादसा होने से टल गया, जब एक स्कूल बस हाई टेंशन लाइन के पोल से टकरा गई। ऐन वक्त पर बिजली आपूर्ति बंद होने से हादसा टल गया। बस में 40 से अधिक बच्चे सवार बताए जा रहे हैं। बच्चे हादसे के बाद बुरी तरह सहम गए। उन्हें दूसरी बस से स्कूल भेजा गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। सुबह के समय एक प्राइवेट स्कूल की बस बच्चों को लेकर स्कूल के लिए रवाना हुई थी। बास रोड पर अचानक संतुलन बिगड़ने से बस 11 केवी बिजली लाइन के पोल से टकरा गई। बस पोल से टकराते हुए बिजली आपूर्ति ट्रिप कर गई। बच्चों में चीख-पुखार शुरू हो गई। टक्कर लगने के बाद बस बंद हो गई। आसपास के लोग बच्चों का बचाव करने के लिए बस की ओर दौड़ पड़े। बच्चे बुरी तरह सहम गए। उन्हें दूसरी बस बुलाकर स्कूल भेजा गया, लेकिन बच्चों के चेहरों पर डर साफ झलक रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।






रेवाड़ी। स्कूल बस ने तोड़ा बिजली का पोल, बिजली पोल तोड़ने के बाद खड़ी स्कूल बस। फोटो :हरिभूमि

### शॉर्ट सर्किट से हो सकता था बड़ा हादसा

जिस एचटी लाइन से स्कूल बस टकराई, उसकी बिजली तुरंत बंद हो गई। अगर बिजली सप्लाई बंद नहीं होती, तो शॉर्ट सर्किट के कारण बड़ा हादसा हो सकता था। पूर्व में हुए हादसों से भी स्कूल संचालक सबक नहीं ले रहे हैं। लापरवाह चालक सरेआम बसों को दौड़ा रहे हैं, जिनसे बच्चों की जान खतरे में बनी रहती है। हादसे के बाद बास रोड एरिया से लेकर जंगल बेबलर तक की बिजली आपूर्ति भी काफी देर तक बाधित रही।

# एक किलो 440 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

*रेवाड़ी। रामपुरा थाना पुलिस की टीम ने नशा तस्करी पर कार्रवाई करते हुए 1 किलो 440 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला गुलाबी बाग निवासी भीम के रूप में हुई है। गत 30 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि भीम निवासी मोहल्ला गुलाबी बाग नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करता है तथा अपने मकान के पास वाली गली में नशीला पदार्थ गांजा बेच रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके से आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर कब्जे से एक पॉलिथीन में 1 किलो 440 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रामपुरा में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।*



रेवाड़ी। गांजे के साथ गिरफ्तार आरोपी भीम।